

# भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 17 रन से हराया

## पहले वनडे में विराट कोहली का शतक, कुलदीप ने 4, हर्षित ने 3 विकेट लिए



**रांची 30 नवंबर।** भारत ने दक्षिण अफ्रीका को पहले वनडे में 17 रन से हराकर सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। रविवार को दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। भारत ने विराट कोहली के शतक के दम पर 349 रन बनाए। जवाब में मेहमान टीम ने फाइट दिखाई, लेकिन टीम 332 रन ही बना सकी।

भारत से कोहली के अलावा रोहित शर्मा ने 57 और कप्तान केएल राहुल ने 60 रन बनाए। गेंदबाजी में कुलदीप यादव ने 4 विकेट लिए। हर्षित राणा ने 3 और अर्शदीप सिंह ने 2 विकेट लिए। साउथ अफ्रीका से मार्को यानसन, नांद्रे बर्गर, कॉर्बिन बॉश और ओटनिल बार्टमैन ने 2-2 विकेट लिए।

### दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत खराब रही

बड़े टारगेट के सामने दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत खराब रही। टीम ने 11 रन पर ही 3 विकेट गंवा दिए। मैथ्यू ब्रीट्जकी ने फिर पारी संभाल ली। उन्हें मार्को यानसन का साथ मिला, लेकिन दोनों एक ही ओवर में आउट हो गए। आखिर में कॉर्बिन बॉश ने फिफ्टी लगाकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया, लेकिन उनकी पारी काम न आई।

### प्रसिद्ध ने लिया आखिरी विकेट

आखिरी ओवर में साउथ अफ्रीका को 18 रन चाहिए थे। प्रसिद्ध कृष्णा बॉलिंग करने आए, उन्होंने पहली गेंद यॉर्कर फेंकी और कोई रन नहीं दिया। दूसरी गेंद उन्होंने स्लोअर फेंकी, कॉर्बिन बड़ा शॉट खेलने गए, लेकिन कवर्स पोजिशन पर रोहित शर्मा के हाथों कैच हो गए। बॉश 51 गेंद पर 67 रन बनाकर आउट हुए।

विराट कोहली रांची के जेएससीए स्टेडियम में तीन शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं. इससे पहले विराट ने इस मैदान पर 5 मैचों की 4 पारियों में 2 शतक और 1 अर्द्धशतक जमाया था. कोहली 4 में से 2 बार नॉट आउट रहे हैं. इससे पहले भी विराट ने रांची में अपने 5 मैच की 4 पारियों में इस मैदान पर 77, 139*, 45 और 123 रनों की पारियां खेली हैं.

कोहली का वनडे क्रिकेट में यह 52वां शतक है. वहीं ओवरऑल इंटरनेशनल क्रिकेट में यह उनका 83वां शतक है.

### कोहली ने तोड़ा सचिन का रिकॉर्ड

रांची में विराट ने 120 गेंद में 135 रनों की रिकॉर्ड पारी खेली. विराट ने पुरुष वनडे क्रिकेट के इतिहास का 7000वां शतक लगाया. साथ ही किंग कोहली ने सचिन तेंदुलकर का एक बड़ा रिकॉर्ड भी तोड़ दिया. रांची में विराट ने पांच पारियों में 3 शतक लगा दिए हैं. वहीं सचिन के वडोदरा में सात पारियों में तीन शतक थे. विशाखापट्टनम में भी विराट ने तीन शतक लगाए हैं, लेकिन सात पारियों में यह कमाल किया है. किंग कोहली ने पुणे में आठ पारियों में तीन सेंचुरी लगाई हैं.

### नए सिक्सर किंग बने रोहित शर्मा



भारत के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा पाकिस्तान के दिग्गज ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी को पीछे छोड़कर एकदिवसीय क्रिकेट के नये %सिक्सर किंग% बन गये है. आज यहां रोहित ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में अपनी 57 रनों की पारी में तीसरा छक्का मारते ही अफरीदी का वनडे में 351 छक्कों का रिकार्ड तोड़ दिया. रोहित ने अपने 277वें वनडे मैच में यह उपलब्धि हासिल की. रोहित के अब इस तीसरे छक्के के साथ 352 छक्के हो गये है. अफरीदी ने 398 मैचों में 351 छक्के मारे थे. वेस्टइंडीज के क्रिस गेल 301 मैचों में 331 छक्कों के साथ तीसरे नंबर पर है. श्रीलंका के सनत जयसूर्या (270) चौथे और भारत महेंद्र सिंह धोनी (229) पांचवें नंबर पर है. टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके रोहित अब केवल वनडे में खेलते है. उनके नाम तीनों प्रारुपों में कुल 645 छक्कों का विश्व रिकार्ड है. उन्होंने 67 टेस्ट में 88 छक्के, 277 वनडे में 352 छक्के और 159 टी-20 में 205 छक्के मारे है.

### मैदान में आया कोहली का फैन

रांची में खेले गए पहले वनडे में कोहली ने 120 गेंदों में 135 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली. इसी बीच जब विराट बैटिंग कर रहे थे, तब एक फैन मैदान में घुस आया और पूर्व भारतीय कप्तान के पैर छूने लगा. इसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं. भारतीय पारी के 38वें ओवर में विराट कोहली ने 102 गेंदों में अपना शतक पूरा किया. कोहली अपना शतक सेलिब्रेट कर रहे थे, तभी एक फैन सिक्योरिटी को चकमा देकर मैदान में घुस आया. ये फैन विराट के सामने लेट गया. सिक्योरिटी कर्मचारियों ने भी ज्यादा उग्र व्यवहार ना करते हुए उस फैन को मैदान के बाहर भेज दिया.



# भारत ने ओमान को 17-0 से रौंदा

## एफआईएच मेंस जूनियर विश्व कप

**नई दिल्ली 30 नवम्बर.** साइक्लोन दितवा और चेन्नई में भारी बारिश के बीच खेले गए मुकाबले में भारतीय हॉकी टीम ने ओमान को 17-0 से बुरी तरह हराया. भारतीय हॉकी टीम के लिए ये जीत अंक हासिल करने और गोल अंतर में बेहतर होने के लिहाज से शानदार रही, लेकिन टीम के पेनल्टी कार्नर पर निराशाजनक प्रदर्शन से हेड कोच चिंता में हैं.

### 19 पेनल्टी कार्नर में सिर्फ 4 में सफल

### अर्शदीप, मनमीत और दिलराज ने दागे 3-3 गोल

भारतीय हॉकी टीम ने इस मुकाबले में कुल 19 पेनल्टी कार्नर हासिल किए थे, लेकिन इनमें से सिर्फ 4 को ही प्लेयर्स गोल में बदल पाए. ये दिखाता है कि पेनल्टी कार्नर में भारतीय हॉकी टीम को बहुत सुधार करने की जरुरत है. हालांकि इसका एक कारण बारिश भी था, क्योंकि बारिश से ग्राउंड धीमा और भारी हो गया था. हालांकि दुनिया की नंबर 2 टीम से इससे बेहतर की उम्मीद की जाती है. पेनल्टी कार्नर की कमजोरी हाल ही में हुए सुल्तान ऑफ जोहोर कप में भी नजर आई थी. पेनल्टी कार्नर में बेशक टीम इंडिया के खिला?ियों ने निराश किया, लेकिन फील्ड गोल्ड में उनका प्रदर्शन बेहद शानदार रहा. अर्शदीप सिंह , दिलराज सिंह और मनमीत सिंह ने 3-3 गोल दागे. अजित यादव, गुरजोत सिंह और इंगलेम्बा लुवांग ने 2-2 गोल किए. 29वें मिनट में अनमोल इक्का ने भी एक गोल किया.

### 15 मिनट के बाद पकड़ी रफ्तार

एफआईएच मेंस जूनियर वर्ल्ड कप में हुए इस मुकाबले के पहले 15 मिनट तक भारतीय प्लेयर्स कुछ खास मौका नहीं बना पाए, शरुआत में ओमान के प्लेयर्स काफी तेज खेल रहे थे. लेकिन 15 मिनट के बाद भारतीय प्लेयर्स ने गियर बदलें और रफ्तार पक?ी. भारतीय खिला?ियों के बीच तालमेल शानदार रहा, पासिंग गेम भी सटीक था. टीम इंडिया के प्लेयर्स ने अपनी 360 डिग्री स्पिन और रिवर्स हिट से ओमान के खिला?ियों को छकाया. चौथे मिनट में अर्शदीप ने अंकित पाल के शानदार पास से गोल दागा. भारत बेशक ओमान के खिलाफ ब? अंतर से जीत गया, लेकिन फिर भी पेनल्टी कार्नर में ऐसे खराब प्रदर्शन को टीम इंडिया को सुधारना होगा. नॉकआउट राउंड से पहले भारत को इस पर काम करना होगा.

## एक नजर में

### मुकेश नेलवल्ली ने 10 . मी पिस्टल में जीता गोल्ड

**जयपुर .** मुकेश नेलवल्ली ने यहां खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 में बड़ा उलटफेर करते हुए पेरिस ओलंपिक्स के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट सरबजोत सिंह को हराकर 10-मीटर पिस्टल इवेंट में गोल्ड मेडल जीता. इन गेम्स के शूटिंग इवेंट जयपुर के जगतपुरा शूटिंग रेंज में खेले जा रहे हैं .कोनेरू लक्ष्मैया एजुकेशनल फाउंडेशन को रिप्रेजेंट कर रहे मुकेश नेलवल्ली ने 243 .3 पॉइंट्स के साथ इवेंट खत्म किया, जबकि आदित्य मालरा ने 240 .2 पॉइंट्स के साथ सिल्वर मेडल जीता, और सरबजोत ने 220 .8 का स्कोर किया. आदित्य मालरा और सरबजोत दोनों गेम्स में पंजाब यूनिवर्सिटी को रिप्रेजेंट कर रहे थे .

### दिल्ली एमेच्योर वुशु एसोसिएशन को अंतरिम राहत

**नयी दिल्ली.** दिल्ली हाई कोर्ट ने डब्ल्यू पी (सी) 17401/2025 में 26 .11 .2025 को एक महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश पारित करते हुए वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा 24 .07 .2025 को जारी किए गए डिसअफिलिएशन आदेश के संचालन पर अंतरिम रोक लगा दी है. न्यायालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि अगली सुनवाई तक दिल्ली राज्य के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतर-राज्य प्रतियोगिताओं में भेजने का अधिकार दिल्ली एमेच्योर वुशु एसोसिएशन (दावा) के पास ही रहेगा. अदालत ने दावा द्वारा प्रस्तुत तथ्यों का संज्ञान लेते हुए माना कि खिलाड़ियों की भागीदारी और चयन प्रक्रिया की निरंतरता आवश्यक है. न्यायालय ने यह सुनिश्चित किया कि किसी भी प्रकार की प्रशासनिक कार्रवाई से खिलाड़ियों के हित प्रभावित न हों .



### हार्दिक पांड्या ने गुपचुप कर ली सगाई?

**नई दिल्ली .** क्या हार्दिक पांड्या ने एक बार फिर सगाई कर ली है? एक तरफ भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में व्यस्त है, दूसरी ओर हार्दिक पांड्या का एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है . बताया जा रहा है कि उन्होंने अपनी नई गर्लफ्रेंड माहिका शर्मा के साथ सगाई कर ली है . वायरल हो रहे एक वीडियो में हार्दिक पांड्या और माहिका शर्मा एकसाथ बैठे हुए हैं, वहीं पुजारी जी मंत्र प? रहे हैं . दावा किया जा रहा है कि उनकी सगाई हो रही है . एक दिलचस्प बात यह है कि माहिका की उंगली में हीरी की अंगूठी भी साफ देखी जा सकती है . हार्दिक और माहिका की सगाई की खबरें कई दिनों से चर्चा में हैं . हालांकि माहिका ने हाल ही में सगाई की अफवाहों को खारिज कर दिया था . ऐसे में इस वीडियो के सामने आने से एक बार फिर उनकी सगाई की अफवाहों को तूल मिल गया है .

### फलस्तीन ने चीनी ताइपे 3-1 से हराया

**अहमदाबाद, .** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ, गुजरात राज्य फुटबॉल संघ और गुजरात खेल प्राधिकरण, एशियाई फुटबॉल परिसंघ अंडर 17 द्वारा आयोजित, एशिया कप क्वालीफायर 2026 मैच एका एरेना, ट्रांसस्टेडिया स्टेडियम, अहमदाबाद में खेला जा रहा है जिसमें फलस्तीन ने चीनी ताइपे 3-1 से हरा दिया. इस टूर्नामेंट के ग्रुप डी मैचों की मेजबानी के लिए अहमदाबाद को चुना गया है. ग्रुप डी में मेजबान भारत के अलावा ईरान, फलस्तीन, चीनी ताइपे और लेबनान की टीमें शामिल हैं. आज का पहला मैच और टूर्नामेंट का 9वां मैच चीनी ताइपे और फलस्तीन के बीच खेला गया. मैच के 13वें मिनट में चीनी ताइपे के जर्सी नंबर 6 को चेंग ने अच्छा बचाव किया लेकिन 33वें मिनट में फलस्तीन के जर्सी नंबर 9 जयन खलीफा शॉट को नहीं बचा सके और स्कोर 1-0 से फलस्तीन के पक्ष में रहा. हाफ टाइम तक स्कोर यही रहा. दूसरे हाफ में चीनी ताइपे की शुरुआत अच्छी रही और 52वें मिनट में जर्सी नंबर 13 औ यांग-ओए ने दमदार गोल कर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया. 70वें मिनट में, फलस्तीन के जर्सी नंबर 4 ने गोल क्षेत्र में फाउल किया, इसलिए रेफरी ने उसे लाल कार्ड और चीनी ताइपे के पक्ष में पेनल्टी किक दी. चीनी ताइपे के कप्तान पेनल्टी का फायदा नहीं उठा सके और पेनल्टी चूक गए. 75वें मिनट में फलस्तीन के जर्सी नंबर 11 ने पेनल्टी क्षेत्र के बाहर से एक शक्तिशाली शॉट लगाकर स्कोर लाइन को फलस्तीन के पक्ष में 2-1 कर दिया. मैच के 88वें मिनट में फलस्तीन के जर्सी नंबर 6 मोहम्मद जम्होर ने गोल कर स्कोर 3-1 कर दिया.

# गायत्री-ट्रीसा ने युगल खिताब बरकरार रखा



**लखनऊ, 30 नवंबर.** गायत्री गोपीचंद और ट्रीसा जॉली की महिला युगल जोड़ी ने जापान की काहो ओसावा और माई तानाबे पर कड़ी टक्कर वाली जीत के साथ अपना सैयद मोदी इंटरनेशनल टाइटल बरकरार रखा, जबकि किदांबी श्रीकांत मेंस सिंगल्स के फाइनल में हार गए.

महिला फाइनल में, गायत्री और ट्रीसा ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ओसावा और तानाबे को एक घंटे 16 मिनट में 17-21, 21-13, 21-15 से हराकर टाइटल जीता, जबकि श्रीकांत मेंस सिंगल्स फाइनल में 16-21, 21-8, 20-22 से हार गए.

गायत्री के चोटिल होने के कारण लंबे समय तक बाहर रहने के बाद अपना दूसरा टूर्नामेंट खेलते हुए, भारतीय जोड़ी बिना कोई गेम गंवाए फाइनल में पहुंची थी. लेकिन टॉप क्लैश में, उन्हें थोड़े मुश्किल एंड से अपनी रिदम में आने के लिए समय चाहिए था और इसी वजह से वे पहला गेम हार गए. लेकिन उसके बाद टॉप सीड खिलाड़ियों ने मैच को शानदार तरीके से कंट्रोल किया और टाइटल जीत लिया.

### श्रीकांत को रजत से करना पड़ा संतोष

किदांबी श्रीकांत हांगकांग के जेसन गुनावान के खिलाफ बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर टाइटल के लिए अपने पांच साल से ज़्यादा के इंतज़ार को खत्म करने के करीब पहुंच गए. पहला गेम हारने के बाद, दुनिया के पूर्व नंबर 1 खिलाड़ी ने वापसी करते हुए दूसरा गेम काफी आसानी से जीत लिया. श्रीकांत ने लगातार चार पॉइंट जीतकर फिर से लीड हासिल कर ली, लेकिन 19-19 पर गुनावान के सफल रिव्यू ने उन्हें पहला मैच पॉइंट दिला दिया. हालांकि भारतीय खिलाड़ी ने वह मैच पॉइंट बचा लिया, लेकिन दूसरे गेम में उन्होंने शटल को लंबा धकेल दिया और रनर-अप रहे.

# झारखंड ने त्रिपुरा को हराया



**अहमदाबाद, 30 नवंबर.** कप्तान इशान किशन (नाबाद 113) की शतकीय पारी के दम पर झारखंड ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप डी मुकाबले में त्रिपुरा को 15 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया.

183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी झारखंड ने 17.3 ओवर मे दो विकेट खोकर 185 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया. झारखंड की शुरुआत अच्छी रही और उसने अपना पहला विकेट छह रन के स्कोर पर और दूसरा विकेट 32 के स्कोर पर गंवा दिया था. उत्कर्ष सिंह (पांच) और कुमार कुशाग्र (छह) रन बनाकर आउट हुये. हालांकि इस दौरान इशान किशन एक छोर थामे तेजी के साथ रन बनाते रहे. इशान किशन ने 50 गेंदों में 10 चौके और आठ छक्कों की मदद से नाबाद 113 रनों की पारी खेली. विराट सिंह ने 40 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 53 रन बनाये.

### इशान किशन ने लगाया नाबाद शतक

### रूट का अहम ब्रिस्बेन डे-नाइट टेस्ट से पहले मजबूत जवाब देने का वादा



**ब्रिस्बेन, 30 नवंबर.** इंग्लैंड के मजबूत बल्लेबाज जो रूट ने एशेज की खराब शुरुआत के बावजूद ऑस्ट्रेलिया में सफल होने का भरोसा जताया है. उन्होंने कहा कि पर्थ ओपनर में 0 और 8 रन बनाने के बाद भी, इस दौरे पर उन्हें एक बिल्कुल अलग खिलाड़ी जैसा महसूस हो रहा है. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया में रूट का रिकॉर्ड उनके शानदार टेस्ट करियर पर एक दाग है और ऑस्ट्रेलिया में अब तक एक भी सेंचुरी नहीं बना पाए हैं. वह इस फॉर्मेट के इतिहास में दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी (13,551) हैं, जो सिर्फ भारत के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर (15,921) से पीछे हैं. रूट, जो अब टेस्ट क्रिकेट में 13,551 रन के साथ दूसरे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं.

# अभिषेक ने 12 गेंद में 50 और 32 गेंदों में बनाया शतक



**हैदराबाद, 30 नवंबर.** अभिषेक शर्मा (148/ एक विकेट) की तूफानी बल्लेबाजी के बाद हरप्रीत बरार (चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पंजाब ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में बंगाल को 112 रनों से करारी शिकस्त दी. अभिषेक शर्मा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए %प्लेयर ऑफ द मैच% के पुरस्कार से नवाजा गया.

- सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में बंगाल को मिली करारी शिकस्त
- पंजाब के अभिषेक शर्मा बने प्लेयर ऑफ द मैच

अभिषेक शर्मा ने 52 गेंदों में 16 छक्के और आठ चौके लगाते हुए 148 रनों की रिकॉर्डतोड़ विस्फोटक पारी खेली जिसकी बदौलत पंजाब ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 310 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया. 311 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगाल कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन 66 गेंदों में (नाबाद 130) रनों की तूफानी पारी के बावजूद पूरी टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 198 रन का स्कोर ही बना सकी और उसे 112 रनों से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा.

अभिमन्यु ईश्वरन का बंगाल के लिए यह सर्वाधिक रन बनाने का रिकार्ड है उन्होंने रिद्धिमान साहा (129 रनों) के रिकार्ड को तोड़ा. इसके अलावा उन्होंने एक मैच में बंगाल के लिए सर्वाधिक आठ छक्के लगाने का भी रिकार्ड कायम किया. आकाश दीप ने सात गेंदों में पांच छक्के लगाते हुए 31 रन बनाये. बंगाल के शेष बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके. पंजाब के लिए हरप्रीत बरार ने 23 रन देकर चार विकेट लिये. गुरनूर बरार और नेहाल वढेरा को दो-दो विकेट मिले. अभिषेक शर्मा ने एक बल्लेबाज को आउट किया.

**आईपीएल** | **कोलकाता नाइट राइडर्स का नहीं छूटेगा साथ**

# आंद्रे रसेल ने अपने आईपीएल कॅरियर को कहा 'अलविदा'

**कोलकाता, 30 नवम्बर. आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले एक हैरान करने वाले फ़ैसले में, आंद्रे रसेल ने इंडियन प्रीमियर लीग ( आईपीएल ) से अपने रिटायरमेंट की घोषणा की है.**



37 साल के वेस्ट इंडीज के ऑलराउंडर, जिन्हें हाल ही में कोलकाता नाइट राइडर्स ने रिलीज किया था, ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया कि वह किसी दूसरी फ्रेंचाइजी के साथ साइन नहीं करेंगे और इसके बजाय 2026 सीजन के लिए केकेआर के सपोर्ट स्टाफ़ में उनके पावर कोच के तौर पर शामिल होंगे. लीग में रसेल की साख जबरदस्त है. 12 सीजन के आईपीएल करियर में, उन्होंने 140 मैच खेले, जिसमें 174.18 के स्ट्राइक रेट से 2651 रन बनाए और 9.51 की इकॉनमी से 123 विकेट लिए, जिसमें 15 रन देकर 5 विकेट उनका बेस्ट बॉलिंग फिगर रहा. रसेल ने 2012 में दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए आईपीएल में डेब्यू किया, जिसके बाद 2014 की नीलामी में केकेआर ने उन्हें साइन किया.

उन्होंने अपने 133 आईपीएल मैच पर्पल और गोल्ड रंग में खेले, और इस दौरान दो टाइटल (2014 और 2024) जीते. उन्होंने इस दौरान दो बार, 2015 और 2019 में आईपीएल एमवीपी अवॉर्ड जीता.

> एक रिलीज में रसेल के हवाले से कहा गया, मेरे पास ( आईपीएल में ) कुछ शानदार समय और शानदार यादें थीं, छक्के मारना, गेम जीतना, एमवीपी हासिल करना . जब मैंने यह फ़ैसला किया, तो मुझे लगा कि इस समय यह सबसे अच्छा फ़ैसला था . मैं गायब नहीं होना चाहता, मैं अपने पीछे एक विरासत छोड़ना चाहता हूँ . जब फ़ैन पूछें कि 卐क्यों? तुममें अभी भी कुछ और बाकी है, तब रिटायर होना सबसे अच्छा है . हाँ, तुम्हें यह सालों पहले कर लेना चाहिए था के बजाय तुम अभी भी थोड़ा और खेल सकते थे .

### फाफ डु प्लेसिस ने आईपीएल से नाता तोड़ा



इंडियन प्रीमियर लीग में आरसीबी और दिल्ली कैपिटल्स समेत चार टीमों के लिए खेल चुके फाफ डु प्लेसिस आईपीएल 2026 ऑक्शन का हिस्सा नहीं होंगे . उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से पुष्टि करके बताया कि वो 16 दिसंबर को होने वाले मिनी ऑक्शन में भाग नहीं लेंगे . आईपीएल छोड़ उन्होंने पाकिस्तान सुपर लीग में खेलने का निर्णय लिया है . 41 वर्षीय फाफ डु प्लेसिस ने सोशल मीडिया पर स्टेटमेंट जारी कर लिखा, आईपीएल में 14 साल खेलने के बाद, मैंने फैसला लिया है कि मैं इस बार ऑक्शन का हिस्सा नहीं बनूंगा . यह बहुत बड़ा फैसला डु प्लेसिस ने आगे कहा कि अलग-अलग टीमों में अलग-अलग खिलाड़ियों के साथ खेलना उनका सौभाग्य रहा . फाफ डु प्लेसिस ने अपने स्टेटमेंट में आगे लिखा, 14 साल एक बहुत लंबा समय होता है . इस दौरान मैंने जो भी हासिल किया है, उसपर मुझे गर्व है . भारत का मेरे दिल में खास स्थान है और यह आईपीएल को अलविदा नहीं है . आप मुझे फिर से देखेंगे .